हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 माता अहिल्या बाई होल्कर के सपने को पूरा कर रहे....



10 बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थों के लाभ बताए



## खबर संक्षेप

### हमला कर तीन को घायल करने पर चार नामजद

**जींद।** दुर्जनपुर में गली में निर्माण सामग्री को लेकर हुए झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। उचाना थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दुर्जनपुर निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने निर्माण सामग्री को गली में डाल लिया। उसके भाई धर्मबीर ने पत्थर डाल कर रास्ता बंद कर दिया।

### नशा तस्कर से 439 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** एक तरफ जहां पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत एंटी नारकोटिक सेल द्वारा कैथल क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 439 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया।

### जिला रोजगार कार्यालय में मेला 26 मई को

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय के परिसर में आगामी 26 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस मेले में श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अभ्यर्थियों की नियुक्ति फील्ड ऑफिसर के पद पर की जाएगी। बताया कि इस पद के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना आवश्यक है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगने के मामले में इकनॉमिक सैल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी बरटा निवासी सेवा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बरटा निवासी दिनेश की शिकायत अनुसार वह उसके छोटे भाई को नौकरी लगना चाहता था।

### लोहचब में मकान का ताला तोड़कर जेवर चोरी

**जींद।** गांव लोहचब में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लोहचब निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश पत्नी के साथ बाहर गया हुआ था।

### घर से नकदी व आभूषण चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** घर से नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में मुख्य सिपाही ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के उचाना मंडी निवासी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष नगर कैथल निवासी ओमप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### रंजिशन मारपीट करने का आरोप, मामला दर्ज

जींद। गांव मोरखी में रजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मोरखी निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने खेत में जा रहा था। गांव से निकलते ही ट्रैक्टर सवार शिवकुमार ने उसका रास्ता रोक लिया और डंडे से उस पर हमला कर दिया।

### पंजाबी वेलफेयर सभा का फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा की की मीटिंग अमर शहीद मदन लाल ढींगरा स्मारक पर प्रधान सुभाष कथूरिया व महासचिव महेश की अध्यक्षता में हुई। प्रधान सुभाष ने बताया कि सभा ने यह फैसला लिया है कि पंजाबी वेलफेयर सभा द्वारा 25 मई को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## अस्पताल में रखें फिजिकल डिस्टेंसिंग, विभाग के पास डेढ़ साल से प्लांट की सर्विस के पैसे नहीं

# अगर नहीं सुधरे तो कोरोना संक्रमण को बढ़ाने में खुद होंगे जिम्मेदार, नागरिक अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट खराब

### बदलता मौसम दे रहा सर्दी, खांसी, बुखार को बढ़ावा

ओपीडी पर्ची, दवा काउंटर, चिकित्सकों के कमरों के बाहर मरीजों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश में आ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग जहां सतर्क है वहीं आजमन लापरवाही बरतने में लगा हुआ है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में मरीजों तथा तीमारदारों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अस्पताल में कहीं भी फिजिकल डिस्टेंसिंग देखने को नहीं मिली। ओपीडी पर्ची, दवा काउंटर, चिकित्सकों के कमरों के बाहर लोगों की भारी भीड़ रही। वहीं चिकित्सा अधिकारी लगातार मास्क पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग रखने की बात कर रहे हैं। हालांकि अभी जींद में एक भी कोरोना का मामला सामने नही आया है। बावजूद इसके अगर अब भी हमने अपनी आदतों में सुधार नहीं किया तो कोरोना संक्रमण को बढ़ाने में हम स्वयं जिम्मेवार होंगे। ऐसे में यदि जींद जिला को कोरोना संक्रमण फैलने से बचाना है तो हमें पहले की तरह ही फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनने का विशेष ध्यान रखना होगा। इस समय मौसम दिन के समय बेहद गरम रह रहा है। जबकि दो दिन पहले हुई तेज आंधी ने तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट ला दी थी। मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों में सर्दी, खांसी की शिकायत भी बढ़ने लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे कोई भी व्यक्ति को या उसके परिवार के अन्य सदस्यों को जिन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद या गंध नहीं आने की शिकायत है तो ऐसे लोगों को तत्काल प्रभाव से उपचार करवाना चाहिए। नागरिक अस्पताल में हर समय जगह-जगह भीड़ लगती है। ऐसे में भीड़ के साथ फिजिकल डिस्टेंसिंग की पालना हो, इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। हालांकि विभाग के पास आउटसोर्स के तहत बहुत से कर्मचारी हैं लेकिन कई बार कामचोरी के चलते यह कर्मचारी दिखाई नहीं देते। सुबह ओपीडी तथा दवा खिड़की के सामने व्यवस्था बनाने के लिए आउटसोर्स कर्मी ढूंढे से भी नहीं मिलते हैं। जिसके चलते पूरा दिन यहां अव्यवस्था का माहौल रहता है। नागरिक अस्पताल में वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री केयर फंड से लगा ऑक्सीजन प्लांट पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा है। इस ऑक्सीजन प्लांट की सर्विस होनी है और इसे लेकर विभाग ने निदेशालय से बजट की मांग की है। बजट मिलने के बाद ही अब ऑक्सीजन प्लांट चल पाएगा। वहीं ऑक्सीजन प्लांट बंद होने के कारण स्वास्थ्य विभाग ने पुरानी बिल्डिंग में सिलिंडरों से ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू कर दी है। साथ ही ऑक्सीजन कंसल्टेटर भी अस्पताल के पास 50 मौजूद हैं। जिसके चलते अगर ऑक्सीजन प्लांट नही भी चलता तो ऑक्सीजनको लेकर मारामारी नही रहेगी।




**जींद।** नागरिक अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट जो खराब है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में दवा के लिए एक-दूसरे से सटकर खड़े मरीज।

### तुरंत करवाएं उपचार: सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि बुखार, सर्दी, खांसी होने पर अपने मन से एंटीबायोटिक्स न लें। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, अस्थमा, हार्ट पेशेंट, किडनी फेलियर समेत अन्य बीमारी से ग्रसित मरीजों को इंफेक्शन से बचने के लिए ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

### पौष्टिक खाना जरूरी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि जैसे पहले लोग कोरोना को लेकर सावधानियां बरतते थे वैसे ही अब भी सावधानी बरतनी जरूरी है। आमजन को चाहिए कि फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क व इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर पौष्टिक खाना खाएं। अस्पताल में भी फिजिकल डिस्टेंसिंग मेनटेन करवाई जा रही है। कोविड को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बचाव को लेकर ये उठाए कदम

स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान के तहत आमजन को बीमारी के बारे में पता चल सके। ,स्वास्थ्य विभाग ने पुरानी बिल्डिंग में स्पेशल कोरोना वार्ड बना दिया है। हालांकि जींद अस्पताल 200 बैड का है और प्रत्येक बैड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। ऑक्सीजन व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता किया जा रहा है। ,नागरिक अस्पताल में ओपीडी व दवा खिड़की पर ज्यादा भीड़ रहती है। यहां फिजिकल डिस्टेंसिंग को लेकर आउटसोर्स स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी।



**जींद।** आग पर काबू पाते हुए।

### फर्नीचर फैक्टरी में लगी आग, लाखों का नुकसान

जींद। रघु नगर में शुक्रवार सुबह फर्नीचर फैक्टरी में आग लगने से वहां रखे बैड, सोफे, मशीन, लकड़ी समेत लाखों रुपये कीमत को सामान जलकर राख हो गए। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाडियों में मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। फैक्टरी में आग कैसे लगी इसका खुलासा नही हो पाया। रोहतक रोड के रघुनगर में बनी फर्नीचर फैक्टरी में शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों ने आग की लपटें उठती दिखाई दी। जिसकी सूचना फैक्टरी मालिक प्रमोद तथा फायर ब्रिगेड को दी। लोगों ने अपने स्तर पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ती चली गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्त के बाद आग काबू पाया लेकिन तब तक काफी संख्या में बैड, सोफे, मेज अन्य सामान, फर्नीचर तैयार करने में प्रयोग होने वाली लकड़ी, मशीनें जल कर राख हो चुकी थी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो वर्षीय बच्ची की मौत

### अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज, दंपती घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय बच्ची लवन्या की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार परिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने टक्कर मार दी।

इस हादसे में जहां बच्ची की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार पति-पत्नी को कम चोटें आई। इस हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कैथल की बालाजी कॉलोनी निवासी परिवार बाइक से शीतला धाम दर्शन करने के लिए गया था। वापस घर आते समय जब वे शहर में जींद रोड पर नए बस स्टैंड बाइपास के पास पहुंचे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को साइड मार दी। जिससे बाइक रोड पर गिर गई। इस टक्कर में पति-पत्नी को कम चोटें आई, लेकिन दो साल की बच्ची लवन्या की मौत हो गई। पुलिस मामला की जांच कर रही है।



# निलंबित बिजली कर्मियों को बहाल करवाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों में बिजली चेकिंग के दौरान गए चार कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के रोष स्वरूप शुक्रवार को तालमेल कमेटी के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारी लघु सचिवालय पहुंचे और एसडीएम सत्यवान मान को निलंबन के आदेशों को रद किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले नेहरु पार्क में रोष बैठक हुई। कर्मचारी नेता विरेंद्र गोयत, राजेश आसन, धर्मवीर बैरागी आदि ने कहा कि गत 21 मार्च को अधिकारियों के निर्देश पर गांव डिडवाड़ा, साहनपुर और मलिकपुर में शिकायत के आधार पर बिजली चोरी की चेकिंग करने के लिए टीम बना कर गए थे। इस चेकिंग टीम द्वारा डिडवाड़ा में एक उपभोक्ता के यहां चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पाया गया कि उस परिसर में बिजली मीटर तो घरेलू लगा हुआ था लेकिन वहां उस जगह को पशु डेयरी के रूप में उपयोग किया जा रहा था। टीम ने विभाग के उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट पेश कि उपभोक्ता के परिसर में घरेलू कनेक्शन का मीटर नहीं होकर एनडीएस कैटेगरी का मीटर होना चाहिए था। निगम ने उपभोक्ता को दस हजार 314 रुपये अदा करने क नोटिस भेजा। जो उपभोक्ता ने निगम को अदा कर दिया। फिर इसी विषय में विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेने पर दूसरी चेकिंग टीम ने उस जगह का दोबारा दो अप्रैल को निरीक्षण किया।



**जींद।** प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## आंधी-तूफान ने मचाई भारी तबाही, गिरे ३२२ पेड़, वन विभाग ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पिछले दिनों क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान ने प्रकृति को बुरी तरह झकझोर दिया। तेज हवाओं और तूफानी मौसम के चलते पूंडरी, राजौंद, कौल व ढांड क्षेत्र में कुल 322 पेड़ धराशायी हो गए। इससे न केवल हरियाली को नुकसान पहुंचा, बल्कि कई जगहों पर यातायात व जनजीवन भी प्रभावित हुआ। इस संबंध में जानकारी देते वन विभाग के रेंजर महावीर पठानिया ने बताया कि सिर्फ पूंडरी क्षेत्र में ही 175 पेड़ गिरने की पुष्टि हुई है, जबकि राजौंद में 72 और कौल व ढांड क्षेत्र में 75 पेड़ आंधी की भेंट चढ़ गए। पेड़ों के गिरने से कई जगहों पर सडकें अवरुद्ध हो गईं और बिजली की लाइनें भी प्रभावित हुईं। रेंजर पठानिया ने बताया कि विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत कार्य शुरू किए और गिर चुके पेड़ों को हटाकर मार्ग बहाल करवाया। सभी गिरे हुए पेड़ों को उठाकर विभागीय प्रक्रिया के तहत हैडक्वार्टर भेज दिया गया है।



# प्रशासनिक लापरवाही और रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने पर कलायत के तहसीलदार निलंबित

- वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कलायत के तहसीलदार दिनेश ढिल्लों को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एडीसी जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय उपायुक्त, सिरसा का कार्यालय रहेगा और वे उपायुक्त की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। यह आदेश वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की ओर से 1169-ई-5-2025/4535 चंडीगढ़ के तहत जारी किया गया है। यह मामला डीएसपी कैथल के गाड़ी चालक सुखविंद्र सिंह की शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत के अनुसार उनकी छोटी बहन रीना गांव चौशाला की निवासी है। वर्ष 2017 में पति की मृत्यु के बाद तीन बच्चों के साथ वहां रह रही है। परिवार की चार एकड़ पुश्तैनी भूमि में से दो एकड़ जमीन धोखे से किसी अन्य के नाम करवा ली गई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि तहसीलदार दिनेश ढिल्लो ने जानबूझकर रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के लिए मामले की सुनवाई नहीं की और कार्यवाही से परहेज किया। इस मामले में एडीसी द्वारा की गई जांच की गई। जांच में आया कि तहसीलदार ने रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के लिए पटवारी, कानूनगो व नायब तहसीलदार की रिपोर्ट को दर किनार कर खुद से कार्यालय में बैठ कर झूठी रिपोर्ट बना दी जबकि शिकायतकर्ता पक्ष को बुलाया ही नहीं गया। जांच में पाया गया की वर्ष 2023-24 में भी उक्त जमीन का आबियाना मनीष के नाम से जमा हुआ है।

# कैंटर सवार से मारपीट कर सवा पांच लाख रुपये की नकदी लूटी

- क्रेटा कार सवार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद गोहाना मार्ग पर जलेबी चौक के निकट कार सवार युवकों ने कैंटर को रुकवा कर चालक ओर परिचालक से मारपीट की और उनके पास मौजूद पांच लाख 17 हजार की नगदी लूट ली और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास क्षेत्र की नाके बंदी कर तलाशी अभियान चलाया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि पुलिस को मामले में अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अजमेर बस्ती निवासी फिरोज व गांव हसनपुर निवासी अंकित शुक्रवार को दिल्ली मंडी में मुर्गी बेचकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वो जींद गोहाना मार्ग पर जलेबी चौक के निकट पहुंचे तो क्रेटा सवार युवकों ने उनके कैंटर को रुकवा लिया और मारपीट कर उनके पास मौजूद पांच लाख 17 हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। किसी तरह दोनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## शहरवासियों को पेयजल किल्लत से मिलेगी राहत

# एक माह बाद हांसी ब्रांच में आज आएगा पानी

- वाटर वकर्स में मात्र दो से तीन दिन का पानी ही बचा था शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एक महीने बाद हांसी ब्रांच नहर में शनिवार को पानी पहुंचेगा। ऐसे में शहरवासियों को पेयजल किल्लत से राहत मिलेगी। हांसी ब्रांच नहर से पटियाला चौक की तरफ के क्षेत्र को पेयजल सप्लाई होता है। इसके अलावा सेक्टरों में वाटर वकर्स के जरिए नहरी पेयजल की सप्लाई दी जाती है। शहरी विकास प्राधिकरण के वाटर वकर्स में मात्र दो से तीन दिन का पानी बचा हुआ था। अप्रैल माह में शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने ट्रैक्टर लगाकर पंप के जरिए पानी भरा था लेकिन लंबे समय से नहर नहीं आई थी। वहीं जल संकट को देखते हुए एचएसवीपी के अधिकारियों का भी सेक्टरवासियों से आह्वान किया था कि पेयजल को गाड़ी धोने या फिर बाग, बगीचों में पौधों को पानी देने में इस्तेमाल नहीं किया जाए। पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान थे। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ और नौ के लगभग 2400 घरों में लगभग लगभग आठ हजार रहते हैं। सेक्टरवासी सतबीर बांगड़, बिजेंद्र लाठर, सुशील रोहिल्ला ने बताया कि पानी की किल्लत लंबे समय से चल रही है। लगभग अढाई महीना पहले भी सेक्टरों में पेयजल सप्लाई की किल्लत आ गई थी। पानी की सप्लाई पूरी तरह नहीं आ रही थी। इसके अलावा पेयजल में सीवरेज का पानी मिलकर आ रहा था। एचएसवीपी के वाटर वर्कस में पानी काफी कम है। पिछले लंबे समय से वाटर टैंक की सफाई नहीं हो रही है। इस कारण टैंक में पानी पूरी मात्रा में नहीं भर पाता। नहर नहीं आने से पेयजल के लिए लोग परेशान थे। कैंपर मंगवा कर लोग पीने का पानी मंगवाते थे। अब अगर नहर आती है तो लोगों को राहत मिलेगी। नहरी विभाग के एक्सईएन अजय कुंडू ने बताया कि विभाग ने 1785 क्यूसेक पानी की मांग है। मुनक हेड से शुक्रवार को हांसी ब्रांच नहर में पानी छोड़ा गया है।



### आज आएगा नहर में पानी : जेई

एचएसवीपी जेई रोहित ने बताया कि नहर में शनिवार को पानी आएगा। इसके बाद वाटर वकर्स में पानी भर दिया जाएगा ताकि सेक्टरवासियों को पेयजल से संबंधित कोई परेशानी नहीं हो।

# रेलवे जंक्शन पर दो शिफ्टों में आरक्षित खिड़की प्रारंभ

- सुबह आठ से शाम आठ बजे तक करवा सकेंगे टिकट बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेल यात्री रेलवे जंक्शन के नए भवन में आरक्षित खिड़की पर सुबह से लेकर शाम तक टिकट बुकिंग करवा सकेंगे। पहले यह खिडक़ी सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक ही खुली रहती थी। अब यह खिडक़ी दो शिफ्टों में खुला करेगी। सुबह आठ से दोपहर दो और उसके बाद दो से शाम आठ बजे तक समय रहेगा। इससे जहां यात्रियों को आरक्षित टिकट करवाने में फायदा होगा वहीं रेलवे को भी अच्छी आमदनी होगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे की नई बिल्डिंग का नवीनीकरण चल रहा है। हालांकि यह कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। रेलवे ने नए भवन में टिकट बुकिंग का कार्य शुरू कर दिया है। इसमें स्टेशन मास्टर, रेलवे यातायात निरीक्षकए पूछताछ केंद्र समेत अन्य कार्यालायों को भी शिफ्ट किया जा रहा है। नए भवन में रेलवे ने भी यात्रियों को एक बेहतर सुविधा दे दी है। यात्रियों को अब टिकट बुक के लिए बाजार नही जाना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### स्पेशल एग्जाम का जल्द जारी किया जाए रिजल्ट

**जींद।** एबीवीपी यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप के पैसे जमा नही कराए तो उनके एडमिट कार्ड रोक लिए गए। अब रिजल्ट जारी न होने के बारे भी कहा जा रहा है लेकिन विवि द्वारा ऐसा कभी नहीं किया जा सकता है। एबीवीपी नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि यूनिवर्सिटी की परीक्षा शाखा ने मास कम्युनिकेशन और एमएसी मैथ्स का तीन सेमेस्टर कोर्स जारी नही किया जा रहा है।

### छात्रों ने ली पॉलिथीन का प्रयोग न करने की शपथ

**जींद।** स्कूली विद्यार्थियों को पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करने के कड़ी में राह ग्रुप फाउंडेशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के 726 से अधिक सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 80 हजार विद्यार्थियों को पॉलिथीन त्यागने की शपथ दिलाई गई। जिसमें नरवाना ब्लॉक की सर्वाधिक भागेदारी रही।

### कमरे से स्टार्टर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंघाना में बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर स्टार्टर को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिघाना निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में कमरा बताया है। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर सटार्टर को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधवा अनुदान योजना पर वर्कशॉप का आयोजन

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार एडीआर के सभागार में विधवा अनुदान योजना विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने की।

### गर्मी से बचाव के लिए एहतियात बरतें : डीसी

**जींद।** गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता हैए खासकर धूप में घूमने वालोंए खिलाडियोंए बच्चोंए बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर हैए हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

### बाबा खाटू श्याम को सवा किलो चांदी का मुकुट अर्पित

**सफीदों।** श्री श्याम सेवा समिति द्वारा एकादशी के अवसर पर नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर में विराजमान बाबा खाटू श्याम को सवा किलो चांदी का मुकुट अर्पित किया गया। श्री सतनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने श्री खाटू श्याम समिति के संरक्षक शिवचरण गर्ग व प्रधान पुनित मंगला का अंगवस्त्र व प्रसाद देकर अभिनंदन किया।

### भूमि खरीदने से पहले सतर्क रहें नागरिक

**जींद।** जींद शहर में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पंजाब का हरियाणा के लिए पानी छोड़ना इनेलो की जीत

**जींद।** इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढ़ू ने कहा कि पार्टी का संघर्ष काम आया। पंजाब सरकार को अपना कदम पीछे लेते हुए संवैधानिक प्रणाली को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा। बीबीएमबी अपना फैसला लागू करने में कामयाब हुआ है। यह सब इनेलो सुप्रीमो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के स्पष्ट एवं सख्त फैसले का ही परिणाम है।

---

### डीआरडीए हॉल में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया

# माता अहिल्या बाई होल्कर के सपने को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : डा. सैनी

### *पिछली सरकारों में महिलाओं के भागीदारी को अनदेखा किया : सुभाष बराला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती के अवसर पर जींद भाजपा की ओर से डीआरडीए हॉल में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर ज्योत प्रज्जवलित कर माता अहिल्याबाई होलकर को याद किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पिछली सरकारों में महिलाओं के भागीदारी को अनदेखा किया गया लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने दो महिला अधिकारियों को ही मिशन सिंदूर की जिम्मेदारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी सदैव कहते हैं कि महिलाओं की भागीदारी के बिना हम विकसित भारत की कल्पना नहीं कर सकते हैं। जो सपना 300 वर्ष पूर्व माता अहिल्या बाई होल्कर ने देखा था मोदी आज महिलाओं को सम्मान देकर एक स्वस्थ सशक्त समाज की नींव रख रखते हुए उस सपने को पूरा करने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंची पानीपत से पूर्व मेयर अवनीत कौर ने भी माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. अनुराधा सैनी ने महिला सशक्तिकरण को मजबूती देते हुए बताया कि अहिल्याबाई होलकर एक सामान्य परिवार में जन्मीं थी। उनके जीवन का संघर्ष हम सबको जानना चाहिए। अहिल्या बाई होल्कर केवल एक शासिका नही थी। वे धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति का प्रतीक भी थी। अहिल्याबाई होलकर की जयंती के मौके पर उनके जीवन और उपलब्धियों के बारे में हमें जानना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान डा. राज सैनी कार्यक्रम संयोजक और जिला महामंत्री ने मंच संचालन किया और कहा कि भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुई। जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों और कहानियों में अमिट छाप छोड़ी। इन्हीं में से एक थीं मालवां की रानी अहिल्या बाई होल्कर थी। उन्हें आज भी एक आदर्श प्रशासिका, न्यायप्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला के रूप में याद किया। विगत सरकारों ने महापुरुषों को सम्मान नहीं दिया लेकिन आज हमारी सरकार महापुरुषों को सम्मान देने का काम कर रही है। माता अहिल्याबाई होल्कर एक गरीब परिवार से थीं लेकिन उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिलाने का काम किया। उनके अधिकारों के लिए हमेशा लड़ती रहीं और महिलाओं के जीवन में अनेक सुधार लाने का काम किया। जिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, कविता शर्मा, राहुल राणा सहित अनेक गणमान्य लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जींद। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

---

# साहित्यकार डा. राजेंद्र गौतम वाराणसी में विशेष पुरस्कार से होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



दिल्ली विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्रोफेसर व साहित्यकार डा. राजेंद्र गौतम को वाराणसी स्थित डा. शंभुनाथ सिंह शोध संस्थान द्वारा विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। 17 जून को वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उन्हें डा. शंभुनाथ सिंह नवगीत पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए संस्थान की ओर से डा. राजेंद्र गौतम को पत्र भेजा गया है। डा. राजेंद्र गौतम आज भी अपने गांव व मिट्टी से जुड़े हुए हैं। विशेष मौकों पर वे गांव में आते रहते हैं। डा. राजेंद्र गौतम मूल रूप से जींद जिला के बराह कलां गांव से हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा जींद के राजकीय कालेज से की। इसके बाद नरवाना के राजकीय केएम कालेज में वर्ष 1974 से 75 तक बतौर शिक्षक सेवाएं दी। इसके बाद वे दिल्ली विश्वविद्यालय में चले गए। दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य प्रोफेसर के रूप में कार्य करते हुए लेखन भी किया। उन्होंने कविता व गद्य के साथ हिंदी गीत भी लिखे हैं। हिंदी गीतों पर आधारित उनकी पुस्तक आवाज मौसम की के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। डा. राजेंद्र शर्मा की 20 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। पिछले साल उन्हें हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा हरियाणा गौरव पुरस्कार के लिए भी चयनित किया है। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य वे अपने आम गांव के जीवन को जीते व समझते हुए ही कर पाए हैं।


जींद। लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला रिव्यू बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

### हर शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला रिव्यू बैठक की अध्यक्षता की और समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान की समीक्षा की। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित हो रहे समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा तत्परता और प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने उपमंडल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित करें और शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लें। समाधान शिविरों में आने वाले नागरिकों के साथ संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ व्यवहार किया जाए ताकि लोगों का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था में बना रहे। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं।

### वन विभाग के स्टॉक में लगी आग, 164 पेड़ जले

**जींद।** सरफाबाद हांसी बुटाना नहर के साथ सरकारी जमीन पर रखे वन विभाग के पेडों में संदिग्ध हालात में आग लगने से 164 पेड़ जल कर राख हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर बिगेड की दो गाडियों ने आग पर काबू पाया। सदर थाना पुलिस ने वन अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी को मामला दर्ज किया है। वन अधिकारी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरफाबाद के निकट सरकारी जमीन पर आंधी में टूटे पेडों को रखा गया था। जिनमें संदिग्ध हालात के चलते आग लग गई। मौके पर मौजूद कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश भी की लेकिन आग फैलती चली गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक 164 पेड़ जल कर राख हो चुके थे। जले पेडों की कीमत लगभग दो लाख रुपये है।

---

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए सदन प्रतिनिधियों का चयन किया गया। सभी बच्चों को इन पदों पर आने का आमंत्रण दिया गया और एक लिखित परीक्षा ली गई। उस परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों का साक्षात्कार एवं चयन के बाद अलंकरण किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने की शिक्षा देने के लिए छात्र परिषद गठित किया। जिसमें लड़की एवं लड़कियों का कप्तान, उप कप्तान, खेल कप्तान, अनुशासन कप्तान, सांस्कृतिक कप्तान, स्वच्छता कप्तान और शैक्षणिक कप्तान इन सात पदों पर सदन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सभी बच्चे बहुत सुंदर व उत्साह से भरपूर लग रहे थे। सभी बच्चे अपने बैज को पहन कर बहुत खुश नजर आ रहे थे।


जींद। डीएवी स्कूल में चुने गए सदन प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि


जींद। समझौता करते सुनील अरोड़ा व महाविद्यालय प्रबंधन।

### छात्रों को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण का लाभ

**जींद।** जींद जिले में तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में राजकीय कालेज जींद, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला कालेज जींद, राजकीय महाविद्यालय अलेवा और सीआर किसान कॉलेज ने क्लासिक कंप्यूटर्स जींद के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को टैली अकाउंटिंग, ऑफिस ऑटोमेशन, कम्युनिकेशन स्किल्स, रिज्यूमे निर्माण, इंटरव्यू प्रैक्टिस और डिजिटल टूल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना है ताकि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक अनुभव और प्रमाणित इंटर्नशिप के माध्यम से औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके। ये समझौता केवल एक औपचारिक करार नही बल्कि शिक्षा से करियर की ओर ले जाने वाली एक सार्थक यात्रा है। जो छात्रों को सशक्त सक्षम और प्रतिस्पर्धात्मक भविष्य के लिए तैयार करेगी।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल में आज एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष बात यह रही कि इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए स्कूल के पूर्व छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया थाए जिससे छात्रों और अभिभावकों के बीच एक प्रेरणादायक संवाद स्थापित हो सके। इस अवसर पर विद्यालय ने पूर्व छात्रों के अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मानित किया व इसके साथ ही विद्यालय के समर्पित शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। प्राचार्य रमेश वत्स ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों की समान भूमिका होती है।



नरवाना। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बच्चों के दांतों की जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता शिविर का आयोजन किया

**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में भारत विकास परिषद नरवाना शाखा द्वारा एक निःशुल्क दंत जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को दंत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें उचित देखभाल के तरीके समझाना था। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें परिषद के अध्यक्ष पुनीत जैन विकास मित्तल, अमित गोयल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन प्रधानाचार्या रश्मि जैन शिक्षकगण व बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। शिविर में डॉ पुनीत छाबड़ा एवं डॉ पारुल छाबड़ा,एमडीएसद्ध ने विद्यार्थियों की दंत जांच की तथा उन्हें सही ब्रशिंग तकनीक दांतों की सफाई व सामान्य दंत रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

---



जींद। जुलाना जलघर का निरीक्षण करते टीम। फोटो :हरिभूमि

### एसटीपी की साइट का किया निरीक्षण


**जींद।** जनस्वास्थ्य अभितांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता सतीश नैन ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत जुलाना शहर में 2800 पौधे लगाए जाएंगे। जिनकी रखरखव का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। नैन शुक्रवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। जुलाना शहर में पब्लिक हेल्थ व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की संयुक्त टीम ने जिला सलाहकार रणधीर मताना की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय, जलघर व एसटीपी की साइट का किया निरीक्षण किया जिसमें कनिष्ठ अभियंता नवीन नेहरा, अजय कुमार, दिनेश कुमार, सोमलता सैनी, शहरी आजीविका मिशन के नरेंद्र गर्ग सहित 20 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोतीलाल स्कूल में मनाया मैंगो-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की प्राथमिक शाखा में विशेष उत्सव मैंगो डे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा यूकेजी से कक्षा पहली तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन विद्यालय परिसर की सैपलिंग शाखा में आयोजित किया गयाए जिसका उद्देश्य नन्हें.मुन्ने बच्चों में भारत के राष्ट्रीय फल आम के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके बालमन में प्रकृति के प्रति प्रेम उत्पन्न करना था।

मैंगो डे के अवसर पर विद्यालय की प्राथमिक शाखा को पीले और हरे रंगों से सजाया गया। दीवारों पर आम की आकृतियां, आम के पत्तों की झालरें और आम से संबंधित श्लोगन लगाए गए थे। नन्हे. मुन्ने बच्चे पीले और हरे परिधानों में विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने आम पर आधारित कविता पाठ किया और कुछ बच्चों ने आम खाना विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें आम के स्वास्थ्य लाभों को रोचक ढंग से दर्शाया। प्राथमिक विभाग की सैपलिंग शाखा की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा ने बताया कि हम बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देना चाहतेए बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से भी सिखाना हमारा उद्देश्य है। मैंगो डे जैसे आयोजन से बच्चे मौसमी फलों की पहचान, उनका स्वाद और उनके स्वास्थ्य लाभों को समझ पाते हैं।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जुलाना। फतेहगढ़ गांव में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूली स्टाफ।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के फतेहगढ़ गांव के राजकीय स्कूल में मेधावी छात्रों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य साहब सिंह नरवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य साहब सिंह नरवाल ने कहा कि स्कूल की छात्रा भूमिका ने 12 वीं की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक लेकर खंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया तो दसवीं की परीक्षा में राशि ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गौरव दूसरे और खुशी तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि स्कूल के छात्र लगातार तीन साल से जिला और खंड स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहे हैं। अन्य छात्रों को भी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। डा. कंवल किशोर, अनिल पूनिया, सुरेश आदि मौजूद थे।

---

### इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में बीट द हीट फन पार्टी का आयोजन

# बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थों के लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में कक्षा प्रथम व द्वितीय के छात्रों के लिए लेमनेड पार्टी व सैंडविच पार्टी का आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए इस पार्टी का उद्देश्य बच्चों को तरोताजा नींबू से बने पेय पदार्थों की महत्ता से अवगत कराना व स्वस्थ खानपान के प्रति जागरूक करना और टीम वर्क व आत्मनिर्भरता जैसे मूल्यों को मजेदार गतिविधियों के माध्यम से सिखाना था।

बच्चों ने नींबू पानी बनाना सीखा और उसमें शक्कर, नमक और बर्फ डाल कर स्वाद का आनंद उठाया और भिन्न-भिन्न प्रकार की सब्जियों के साथ सैंडविच तैयार किए और उन्हें एक-दूसरे के साथ सांझा भी किया। छात्रों ने अपने सहपाठियों व शिक्षकों के साथ पार्टी का पूरा आनंद लिया। बच्चों की खुशी और मुस्कान ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल मनोरंजन प्रदान करती हैं बल्कि बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को भी रोचक बनाती हैं। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थों के लाभ भी बताए गए। साथ ही साथ बच्चों को साफ.-सफाई, पोषण और संतुलित आहार की जानकारी भी दी।



जींद। गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। । कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### लिंग जांच करना कानूनी अपराध

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव झांज खुर्द में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई व पीएनडीटी एक्ट की जानकारी से अवगत करवाया गया। एमपीएचडब्ल्यू कमलेश देवी ने जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सहीध्गलत के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, लोगों को इसके प्रति जागरुक करना एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाएं वितरित करने में सुधार करना, लिंग अनुपात में सुधार करना, महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव को रोकना, बेटियों के अस्तित्व को बचाना एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना, शिक्षा के साथ बेटियों को अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं उनकी इसमें भागीदारी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लिंग जांच करवाना एक कानूनी अपराध है।

## खबर संक्षेप



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### जैव विविधता संरक्षण पर वेबिनार में की भागीदारी

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के सौजन्य से आयोजित वेबीनार में भाग लिया। विकास वेबीनार शुरू होने से पहले इंपोर्टेंस डे सेलिब्रेशन कमेटी के इंचार्ज रवीन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को वेबीनार में बताया कि जैव विविधता हमारे प्राकृतिक संसाधनों की संपन्नता के साथ-साथ मानव जीवन के अस्तित्व और सतत विकास का आधार है, पृथ्वी पर पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियां जीवन को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### राहुल ही करेंगे राजीव गांधी के सपनों को साकार

**पूंडरी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला कांग्रेस कमेटी कैथल के संयोजक सुरेश रोड़ ने 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी के बलिदान-दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरेश रोड़ ने बताया कि राहुल गांधी समय आने पर प्रधानमंत्री बन कर वे अपने स्व. पिता भारत रत्न राजीव गांधी के सपनों का साकार करेंगे।

### महिलाओं, बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चों ने सैनिकों के शौर्य एवं सम्मान को किया सलाम

# कलायत में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा की अगुवाई में यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा भारी गर्मी के बीच देश भक्ति का जलवा दिखा गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




**कैथल।** कलायत में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा की अगुवाई में आपरेशन सिंदुर तिरंगा यात्रा फोटो : हरिभूमि

कलायत में ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा शुक्रवार को भारी गर्मी के बीच देश भक्ति का जलवा दिखा गई। यात्रा का कारवां संविधान निमार्ता डा.भीम राव अंबेडकर भवन रेलवे रोड से पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा की अगुवाई में चला। इसका समापन श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज के पास महाराजा अग्रसेन पार्क की पार्किंग में हुआ। सैनिकों के शौर्य एवं सम्मान को समर्पित यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा को लेकर सुबह से ही शहर के मुख्य चौराहों और गलियों में देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे। कमलेश ढांडा ने कहा कि यात्रा के दौरान तिरंगे झंडों और देशभक्ति के नारों से माहौल पूरी तरह देशभक्तिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल महिलाओं के आत्म-सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा है बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपराओं एवं एकता का प्रतीक भी है। यात्रा में नगर पालिका, ब्लाक समिति, ग्राम पंचायत जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए।

स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी यात्रा में जोश भरने का काम किया। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाए और राष्ट्रभक्ति की भावना को व्यक्त किया।यात्रा का सम्मान परंपरा अनुसार हुआ। इसमें देशभक्ति कविताएं और गीत प्रस्तुत किए गए। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा कलायत में एक जन आंदोलन का रूप लेती नजर आई। इससे समाज को एक नई प्रेरणा मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत पठानियां, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, अनिल मालिक, नरेंद्र जुलानी खेड़ा, सुशील पांचाल, रमेश सरपंच, सचिन शर्मा, अजीत चहल, डा.प्रीतम कौलेखा, रवींद्र धीमान, काका राणा, वीरेंद्र राणा, राकेश कंसल, महीपाल दुमाड़ा, पालिका प्रधान अंकित जैलदार, रेणू धानियां, कुलदीप दहिया, सचिन राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, राजेश राणा, महीपाल पंवार, जगदीश रायका, संजय ढूषसगला, विनोद जेष्ठ, अमित कुमार, रवींद्र निर्मल बंटी, संजय धीमान, अनिल कांसल, नीलम देवी, मा.धर्मपाल जेष्ठ, राजेश जेष्ठ, विनोद बहमनी, राजेंद्र चौहान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। युवा नेता तुषार ढांडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में उमड़ा जल सैलाब राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम की भावना का बड़ा संदेश रहा। तिरंगा यात्रा के दौरान रेलवे रोड पर डा.भीम राव अंबेडकर भवन से श्री कपिल मुनि महिला कालेज तक जहां तक नजर जा रही थी जन सैलाब एवं तिरंगें झंडे दिखाई दे रहे थे। सुरक्षा एवं व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों ने तालमेल कायम रखते हुए व्यवस्था बनाए रखा।

### राजौंद में निकाली तिरंगा यात्रा

**राजौंद** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में तथा आमजन में देश भक्ति व राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा किसान ओयल मिल पूंडरी मार्ग से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक सहित अन्य जगहों से गुजरी और लोगों में देश भक्ति का जोश एवं जुनून भर गई। इस दौरान भाजपा राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने कहा की यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों ने जिस साहस,निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया वह काबिल ए तारीफ है। पूरे देश व प्रदेश में सेना के पराक्रम की चर्चा है। यह यात्रा निकाल कर सेना के पराक्रम को प्रणाम किया जा रहा है। राजौंद में यह केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि राष्ट्र धर्म पर चलने का एक संकल्प है और इस पर चलने के लिए हम सब संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी बहन बेटियों के माथे का सिंदूर उजाड़ा था, ऑपरेशन सिंदूर ने उन बहन बेटियों को न्याय दिलवाया है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की ऐतिहासिक सफलता है। देश के बहादुर सैनिकों ने तीन दिन में ही दुश्मन को घुटने टेकने को विवश कर दिया। इस दौरान कुलविंद्र राणा, पवन शर्मा, लोकेश राणा,कमल राणा, संदीप राणा,पार्षद कर्मपाल खुरडा, बिजेंद्र राणा, संजय राणा, भूपेंद्र राणा, मुकेश माजरा,रामेश्वर खेडी, सतबीर कोटडा, सुखदेव सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सीटीएम गुरविंद्र सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

## 21 जून को मनाया जाएगा जिला स्तरीय योग दिवस : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- 20 मई को नई अनाज मंडी में ही होगी पायलट रिहर्सल एवं योग मैराथन

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि 21 जून को अतिरिक्त अनाज मंडी में जिला स्तर पर हर साल की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी तथा मैराथन दौड़ का आयोजन भी होगा। इसको लेकर संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। सभी विभाग अपनी अपनी तैयारियों शुरू कर दें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष/कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों योग दिवसीय में जरूर भेजें।

सीटीएम गुरविंद्र सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित की गई बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इसके लिए आरटीए गिरिश चावला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब पांच हजार लोग हिस्सा लेंगे। इसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, योग प्रशिक्षु, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के क्लबों से जुड़े लड़के एवं लड़कियां व जनप्रतिनिधि शामिल हैं। इसमें बिजली, पानी, शौचालय, साउंड सिस्टम, टेंट आदि की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन में सभी विभाग ड्यूटी का ईमानदारी से पालन करें।

# बंदरों के आतंक व पानी की किल्लत पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



विधायक सतपाल जांबा से मुलाकात के दौरान पार्षद सतीश हजवाना। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका पूंडरी में वाईस चेयरमैन पद को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। ऐसे में वार्ड नंबर 1 से पार्षद सतीश हजवाना की हालिया विधायक सतपाल जांबा से मुलाकात ने सियासी हलचल और भी बढ़ा दी है। जहां एक ओर माना जा रहा है कि यह मुलाकात आगामी वाईस चेयरमैन चुनाव को लेकर रणनीतिक बातचीत का हिस्सा हो सकती है, क्योंकि सतीश हजवाना इस पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं और उन्हें सांसद नवीन जिंदल का स्पष्ट समर्थन प्राप्त है, वहीं दूसरी ओर हजवाना का कहना है कि यह बैठक पूरी तरह से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर थी। सतीश हजवाना ने बताया कि उन्होंने विधायक से पूंडरी शहर और खासकर वार्ड नंबर 1 में बंदरों के बढ़ते आतंक का मुद्दा उठाया, जो लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बना हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईदगाह में लंबे समय से बंद पड़ी पानी की मोटर को चालू करवाने और क्षेत्र में पानी की किल्लत को दूर करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। हजवाना ने कहा मैं विधायक जी से नियमित रूप से मिलता रहता हूं, ताकि अपने वार्ड की समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाई जा सकें। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में इस मुलाकात के कई सियासी मायने भी हैं। हजवाना का सांसद से समर्थन और अब विधायक से नजदीकी, उन्हें वाईस चेयरमैन पद की दौड़ में और भी आगे ला सकती है। अब देखने वाली बात होगी कि यह मुलाकात आने वाले दिनों में पूंडरी नगरपालिका की सियासी तस्वीर में क्या बदलाव लाती है, क्या यह सिर्फ एक रूटीन मीटिंग थी, या इसके पीछे वाईस चेयरमैन की कुर्सी की मजबूत तैयारी?

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नुक्कड़ नाटक कर छात्राओं ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**राजौंद** सत्य भारती स्कूल रसीना की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव की मुख्य चौपाल में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा तक की लड़कियों ने भाग लिया। लड़कियों ने नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि लड़कियां पढ़ लिखकर किस प्रकार समाज को जागरूक करती है और इंदिरा गांधी मदर टेरेसा लता मंगेशकर कल्पना चावला सोफिया कुरैशी और वायोमिका सिंह की भांति देश का मान और सम्मान बढ़ाती है। इस दौरान सत्य भारती स्कूल की छात्राओं ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह अपनी लड़कियों को स्कूल भेजें और उन्हें लड़कों के समान आदर और सम्मान दें। इस अवसर पर सत्य भारती स्कूल रसीना का सारा स्टाफ मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### गौरव ने खेलो इंडिया में मुक्केबाजी में कांस्य जीता



**कैथल।** ओएसडीएवी के छात्र गौरव ने खेलो इंडिया में मुक्केबाजी में कांस्य पदक प्राप्त करके हरियाणा प्रांत का नाम रोशन किया। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल के छात्र गौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलो इंडिया में मुक्केबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पटना में 11 मई से 15 मई तक किया गया था। इससे पहले राष्ट्रीय युवा खेल उत्सव में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर गौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता और खेलो इंडिया के लिए अपना स्थान पक्का किया। पदक प्राप्त करने के बाद विद्यालय में पहुंचने पर गौरव का हार्दिक अभिनंदन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया गौरव हमारे विद्यालय का नियमित छात्र रहा है। गौरव की इस सफलता में उसके खेल अध्यापकों का भी बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने सदैव उसका मार्गदर्शन किया और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हम सब परमपिता से प्रार्थना करते हैं यह खिलाड़ी खेल क्षेत्र में सफलता की बुलंदियों को छुए।

### वकीलों को मुफ्त ओपीडी और टेस्टों में छूट का ऐलान



**कैथल।** कैथल के कुछ डॉक्टरों, अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालकों ने वकीलों के लिए मुफ्त ओपीडी और टेस्टों में छूट देने का ऐलान किया है। इस बारे में इन डॉक्टरों ने बार रूम में वकीलों के साथ मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने की। संदीप शर्मा ने बताया कि जैन अस्पताल के डॉक्टर मयंक जैन, दशमेश अल्ट्रासाऊंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, श्री अस्पताल के डॉक्टर पंकज रावीश, चंडीगढ़ अस्पताल के डॉक्टर सोनाली ढिल्लों और आध्या डेंटल केयर से डॉक्टर कनिका ढल ने घोषणा की है कि परिचय पत्र दिखाने पर वकीलों के लिए ओपीडी फ्री रहेगी। इसके अलावा ईको टेस्ट पर उन्हें 50 प्रतिशत तथा अन्य प्रकार के टेस्टों में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वकीलों को संबोधित करते हुए सभी डॉक्टरों ने कहा कि वकील अपने तरीके से समाज सेवा करते हैं, सभी को न्याय दिलवाते हैं। हमें वकीलों के बीच में आकर बहुत अच्छा लगा। इससे पूर्व बाहर रूम में पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वाधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने डॉक्टरों का स्वागत किया।



छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाते हुए सेवादार । फोटो : हरिभूमि

### बाला जी मंदिर समिति ने मीठे पानी की छबील लगाई

**.राजौंद** गांव कोटडा के बस अड्डे पर भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के लिए गांव के बाला जी मंदिर की तरफ से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। इस बारे हरिकेश चहल, दलबीर, जगदीश, सुनील दुल, धर्म बीर, संदीप ने बताया की यह ठंडे मीठे पानी की छबील सुबह शुरू की गई और लगातार शाम तक जारी रही। सेवादारों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। मार्ग से गुजरने वाले हर वाहन को रोक रोक कर श्रद्धा पूर्वक मीठा व शीतल जल पिलाया जा रहा था। सेवादारों ने बताया कि इस गर्मी में हम सबका फर्ज बनता है। ऐसे नेक कार्यों में सबको बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए और वैसे भी जेष्ठ माह में ठंडे मिठे जल से किसी की प्यास बुझाना बहुत ही फल दायक होता है। इसलिए सब लोगों को आने जाने वालो के लिए यह पुण्य का काम करना चाहिए।

# फतेहपुर के श्री रघुनाथ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** श्री रघुनाथ मंदिर आयोजित पूजा में भाग लेते श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सदस्य।

आध्यात्मिक आस्था का केंद्र माने जाने वाले श्री रघुनाथ मंदिर फतेहपुर में आज बाबा श्याम जी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस विशेष दिन पर श्री श्याम परिवार ट्रस्ट, फतेहपुर द्वारा मंदिर परिसर में विधानपूर्वक पूजन और यज्ञ हवन का आयोजन किया गया।

पूजन कार्यक्रम की अगुवाई ट्रस्ट के प्रधान सेवक प्रवीण गर्ग बात्ता ने की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हवन के संपन्न होने के पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन का उद्देश्य ना केवल धार्मिक रीति-रिवाजों का निर्वहन था, बल्कि समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को भी आगे बढ़ाना रहा। इस पुण्य अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। चेयरमैन राजेंद्र गर्ग भाणा, संस्थापक नरेंद्र गर्ग बात्ता, उपप्रधान सतीश कुमार, सचिव शिवकुमार, कोषाध्यक्ष नरेश मित्तल, पवन बात्ता, जोगिंद्र प्रजापत, रोहित व्यास, सरपंच प्रतिनिधि सौरव वर्मा, संदीप बात्ता और अशोक मित्तल सहित अन्य अनेक श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और बाबा श्याम के चरणों में अपनी आस्था प्रकट की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति-संगीत, शंखनाद और मंत्रोच्चारण की दिव्य ध्वनि से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से परिवार की खुशहाली, समाज की उन्नति और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। ट्रस्ट द्वारा ऐसे धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

### गिरते लिंगानुपात के लिए स्वास्थ्य कर्मी सहित गांव के जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार: उपायुक्त

# लिंगानुपात में सुधार के लिए माइक्रो स्तर पर निगरानी करें कर्मचारी

- अपनी जिम्मेदारी को समझें और भ्रूणहत्या जैसे कलंक को मिटाने में सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति लिंगानुपात सुधार की शपथ दिलाते हुए

डीसी प्रीति ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स एवं गांव के जनप्रतिनिधियों को माइक्रो स्तर पर निगरानी करनी होगी। हम सभी की जिम्मेवारी है कि गांव में लिंगानुपात ठीक हो। यदि इसकी स्थितिZ बिगड़ती है तो सभी की जिम्मेवारी बनती है। इसीलिए इस दिशा में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कर्मचारी जमीनी स्तर पर काम करते हुए परिणाम लेकर आएं।

डीसी प्रीति जाट कॉलेज के सभागार में कम लिंगानुपात वाले दस गांवों के स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा अधिकारियों, आशा कार्यकतार्ओं, आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं गांव के सरपंच व पंचों के लिए आयोजित चार दिवसीय चेतना एवं जागरूकता शिविर के अंतिम दिन संबोधित कर रहीं थीं। इन दस गांवों में काकौत, सांच, करोड़ा, भूना, हरसौला, नौच, पबनावा, बाता, टयोंठा व चंदाना शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरपंच अपनी जिम्मेवारी संभालें, वे गिरते लिंगानुपात को सुधारने की दिशा में स्वास्थ्य कर्मियों सहित अन्य सभी कर्मचारियों का सहयोग करें। गांवों में जागरूकता रैलियां निकालें, लोगों को नुक्कड़ सभाओं में जागरूक करें। ग्राम सभाओं में जागरूक करें। यह एक सामूहिक जिम्मेवारी है। जब सभी अपनी-अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे, तभी हम लिंगानुपात में सुधार कर पाएंगे। हमें कानूनी तंत्र व सामाजिक तंत्र को साथ लेकर इस दिशा में काम करना होगा।

शिविर में भाग ले रही आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अपने अनुभव साझा किए और संकल्प लिया कि वे इस दिशा में जी-जान से काम करेंगी। इस अवसर पर गुहला एसएमओ डा. प्रीति ने कन्या भ्रुण हत्या न करने, दहेज न लेने-देने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर डा. मीनाक्षी गोयल, डा. गौरव पूनिया, बीएसी सतबीर गोपेरा, राजेश कुमार, सभी एसएसएमओ, सरपंच पबनावा कश्मीर सिंह, सरपंच करोड़ा दिनेश कुमार, सांच के सरपंच सुरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सूचनाओं को साझा करें

डीसी ने कहा कि जिले में इन दस गांवों में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए सभी मिलजुल कर काम करें। सूचनाओं को साझा करें। यदि स्वयं सामने आने में सक्षम नहीं हैं तो गांवों में सुझाव पेटिकाओं में सूचना डालें या सीधा अपने चिकित्सा अधिकारियों को सूचना दें। उन्हें भी मिलकर इस संबंध में सूचना दे सकते हैं। संबंधित कर्मचारी इस बात का ध्यान रखें कि किसी का पहला बच्चा यदि बेटी है तो विशेष रूप से उन महिलाओं की निगरानी करें। क्योंकि गर्भवती महिलाओं की सूचना रजिस्टर में दर्ज हो जाती है। इसके बाद उसकी निगरानी करें कि संबंधित महिला का यदि गर्भपात हुआ है तो वह क्यों और किस जगह हुआ है। ऐसे चिकित्सकों की जानकारी जुटाएं, जो इस कार्य में लिप्त हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में भी काम करें, ताकि कोई बच्चा कुपोषित पैदा न हो। इसलिए गर्भवती महिलाओं एवं पांच साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उन्हें जागरूक करें। सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को उन तक पहुंचाएं।



कार्यक्रम में भाग लेती आशा वर्कर में स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूणहत्या पर रोक लगाने के लिए बैठक में किया गया मंथन

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 2 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आशा वर्करों व आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। एएनएम दर्शना ने कहा कि लिंगानुपात सुधारने के लिए, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने, और बेटियों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे।

**सूचना**

मैं, राजकुमार पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी मकान नंबर 473, वार्ड नंबर-4, असंध अब निवास ओम नगर, नई सब्जी मंडी के पीछे, जींद, बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवम व पुत्रवधु शालू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### आज नरवाना में अधिकारिता मंत्री

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आगामी 24 व 25 मई को विधानसभा हल्का के विभिन्न कार्यक्रमो में शिरकत करेंगे। कैबिनेट मंत्री बेदी 24 मई को शाम 6 बजे प्रेमनगर में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इससे पहले प्रीतम बाग मोहल्ला में परिवार मिलन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे व जन समस्याएं सुनेंगे। इसी प्रकार कैबिनेट मंत्री बेदी रविवार यानी 25 मई को प्रातः 9रू00 बजे हरिनगर पुल से जयराम अस्पताल तक नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात इंदिरा कॉलोनी बडसी पत्ती में बेदी 10रू00 बजे विभिन्न गलियों का नीवं पत्थर रखेंगे।

### सीएम विंडो की शिकायतों को गंभीरता से निपटाएं

**कैथल।** डी सी प्रीति ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी सीएम विंडो, जन संवाद पोर्टल, समाधान शिविर में आई शिकायतों को गंभीरता से निपटाएं। यदि किसी शिकायत के पिटान में कोई कानूनी दिक्कत है या फिर ऐसी कोई समस्या है, जिसका उनके स्तर पर समाधान नहीं हो सकता तो उन्हें सूचित करें। शिकायत निपटान के लिए जो भी कदम उठाएं, इसके अनुसार एटीआर अपलोड करें। ताकि शिकायत का निपटान हो सके। इसके बावजूद भी शिकायत लंबित रहती है तो सीटीएम से मिलकर शिकायत का निपटान करवाएं। बैठक में अपने विभाग से संबंधित सभी शिकायतों की नवीनतम रिपोर्ट लेकर आएं।

### देश की तरफ आंख उठाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: डॉ. अरविंद शर्मा

# सैनिकों व शहीदों को समर्पित होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

### रोहतक के पहरावर में 30 मई को कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ब्राह्मण धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आगामी 30 मई को पहरावर गांव में आयोजित किया जा रहा भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम सैनिकों के पराक्रम को समर्पित है। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में तीनों सेनाओं ने अपने पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया, उसी के सम्मान में हमने सैनिकों व शहीदों को यह कार्यक्रम समर्पित है।

भारत की सेनाओं से साबित कर दिया है कि आज यदि कोई देश की ओर आंख उठाएगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए नारा भी दिया है कि सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम जी की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राह्मण है मैदान में.. का नारा दिया है। हरियाणा के स्तर पर जो भी जासूस पकड़े गए हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे समय में सभी को देशहित में एकजुटता से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश सैनिकों के साथ खड़ा है।

इसी कारण आज पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। महिलाएं सिंदूर यात्राएं निकाल रही हैं। यह तिरंगे में छिपी हुई देश की एकता है। देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर कोई लड़ाई के लिए नहीं बल्कि आतंकवाद व आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए चलाया गया ऑपरेशन है। जिसमें भारत की सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को आतंकवाद पर करारा जवाब देते हुए छिपे हुए आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

नई जेल बनाने के सवाल पर कहा कि इस विषय पर जरूरत अनुसार फैसले लिए जाएंगे। जेलों में कैदियों के लिए योग एवं गीता का संदेश हर सप्ताह देने की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने तिरंगा यात्रा को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को लेकर कहा कि विपक्ष को देखना चाहिए कि आज पूरा देश तिरंगे के नीचे एकजुट है। बीबीएमबी से हरियाणा का पानी आने पर मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि यह पानी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा सरकार व प्रदेश भाजपा के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने सिसला धाम में पूजा अर्चना, विकास कार्यो के लिए दिए 11 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की।



**कैथल।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि


**कैथल।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते समाज के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जल्द होंगे गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव

**कैथल।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों की जयंती मनाए जाने की शुरूआत की थी। जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब आगे बढ़ा रहे हैं। उसी दिशा में आगामी 30 मई को रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा से रिकॉर्ड संख्या में 36 बिरादरी के लोग भाग लेंगे। उन्होंने जिले में लोगों से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। डा. अरविंद शर्मा शुक्रवार को कैथल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान कहा कि भगवान परशुराम एक बिरादरी के नहीं, बल्कि 36 बिरादरी के हैं और हमें उनसे अन्याय के खिलाफ लड़ने की व अदम्य धैर्य, साहस, पराक्रम, त्याग एवं मातृ-पितृ भाव की भी सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि 30 मई को रोहतक के पहरावर में होने वाले राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और मुख्यमंत्री कार्यक्रम व केंद्र व प्रदेश के कई मंत्री व नेता भी शिरकत करेंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव भी अब सरकार जल्द कराएगी, इसी कड़ी में संस्था में सरकार ने प्रशासक की नियुक्ति की है। गौड़ ब्राह्मण प्रचारिणी सभा को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व में दान में दी गई पंद्रह एकड़ से अधिक जमीन के कागजात पूरे करवाकर उसे सभा को सौंपा है। सभा 1904 में गठित की गई थी। जिससे आज पूरे प्रदेश में 80 हजार से अधिक सदस्य हैं। सीएम चाहते हैं कि इस सभा का जल्द चुनाव हो और संस्था का काम ओर सुचारू रूप से आगे बढ़े। इस कार्यक्रम के बाद सभा की सदस्यता खोली जाएगी। इसमें कैथल सहित पूरे प्रदेश के लोग अधिक से अधिक सदस्य बने। इससे पूर्व ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का जिला सर्व ब्राह्मण सभा के प्रधान विक्की शर्मा की अगुवाई में विभिन्न संस्थाओं के प्रधान व प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर पाडला, बीरभान करोड़ा, राजकुमार शर्मा, राजू डोहर, राजकुमार एमई, सुरेश शर्मा, मनदीप बाबा लदाना इत्यादि उपस्थित रहे।

# फुले पार्क में लगेंगी रंगीन लाइट व पोल


**जींद।** महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क, जहां लाइटें लगेंगी। फोटो :हरिभूमि

- आठ लाख 87 हजार की लागत से होगा पार्क का कायाकल्प 28 मई को खुलेगी टेंडर की बिड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शहर में ऊंचे टीले पर बने ज्योतिबाफुले पार्क में आठ लाख 87 हजार की लागत से रंगीन लाइट और पोल लगाए जाएंगे। इसके लिए नप ने टेंडर लगाया है। जिसकी ऑनलाइन बिड 28 मई को खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी को तीन महीने में पार्क में लाइट और पोल लगाने का काम पूरा होगा। रंगीन लाइट लगने के बाद पार्क आर्कषक लगेगा। करीब चार साल पहले नप ने पुराने किले पर एक करोड़ रुपये रुपये की राशि से पार्क का निर्माण करवाया था। सफीदों गेट के आसपास के क्षेत्र में कोई दूसरा पार्क नही होने कारण शाम के समय सैर करने वालों की भीड़ उमड़ती है। इसमें झूले और पेड़ व पौधे लगे हुए हैं। अब पार्क को आकर्षक रूप देने के लिए पार्क में रंगीन लाइट लगाई जाएंगी। आसपास के लोगों का कहना है कि पानी की निकासी नही होने के कारण लगभग दो साल से पार्क की दीवार भी टूटी पड़ी है। ऐसे में यहां सुबह और शाम के समय सैर करते समय बच्चों और खास कर बुजुर्गों को थोड़ी सावधानी रखनी पड़ती है। लोगों के हित के लिए चाहिए कि पार्क में लाइट और दीवार का निर्माण जल्द करवाना चाहिए।

#### कई सालों बाद सिरे चढ़ी थी योजना

पुराने किले की जमीन पर पार्क बनाने की योजना काफी पुरानी है। पहले यहां पर रेस्ट हाउस बनाने की योजना बनी थी लेकिन तभी से यह जमीन खाली पड़ी थी। जींद के पूर्व डीसी युद्धवीर ख्यालिया के समय में भी किले पर पार्क निर्माण की योजना तैयार की गई लेकिन यह भी सिरे नहीं चढ़ पाई। इसके बाद लगभग चार साल पहले यहां पार्क का निर्माण हुआ है।

#### दीवार भी बनेगी

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि ज्योतिबा फुले पार्क में लाइट लगवाई जाएंगी। इसके लिए नप ने टेंडर लगाया है। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा काम किया जाएगा। वहीं दीवार के निर्माण को लेकर पिछले दिनों कुरुक्षेत्र से टीम ने निरीक्षण किया था। जल्द ही पार्क की दीवार का निर्माण भी करवाया जाएगा।

# लिंगानुपात सुधार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- नरवल गांव में स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति शर्मा के दिशा निर्देशन में गांव नरवल में लिंगानुपात सुधार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एएनएम कमलेश ने संचालन किया। महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई तथा पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। डा. फरमान अली व पूजा देवी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही एवं गलत के बारे में अवगत करवाना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, लोगों को जागरूक करना, लिंगानुपात में सुधार करना, महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव को रोकना, बेटियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलजीत व पम्मी, बिमला सहित गांव की महिलाओं ने शपथ ली।



**राजौंद।** नरवल गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ लेती हुई महिलाएं।

# पाई गांव पहुंचे विधायक, 42 एकड़ में फैले तालाब का किया निरीक्षण

- तालाब का होगा संरक्षण और सौंदर्यकरण, सरकार गंभीर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने गांव पाई में 42 एकड़ में फैले ऐतिहासिक तालाब का निरीक्षण किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार सहित ग्रामीण गणमान्य भी उपस्थित रहे। तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए विधायक जांबा ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन, भूजल स्तर बनाए रखने और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सरकार तालाबों के पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान चला रही है। तालाब का संरक्षण न केवल प्राकृतिक धरोहर को बचाएगा, बल्कि आसपास के किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। सौंदर्यीकरण के तहत तालाब के चारों ओर हरियाली, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक जांबा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रकृति और परंपरा का संतुलन बनाए रखते हुए ग्रामीण विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। यह तालाब न केवल जल स्त्रोत है, बल्कि आने वाली पीढयों के लिए पर्यावरणीय जागरूकता का भी केंद्र बनेगा।


**पूंडरी।** पाई में तालाब का निरीक्षण करते हुए विधायक सतपाल जांबा।

# सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए गांव में चलाया अभियान

- संतोख माजरा में बच्चे निकाल रहे रैली व शिक्षक दे रहे डोर टू डोर दस्तक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

खंड के गांव संतोख माजरा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला व माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गांव में सरकारी स्कूल में दाखिले को लेकर मुख्य गलियों में जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल के मुख्य शिक्षक राजीव कुमार व मुख्य अध्यापक गोपाल ने जानकारी देते हुए कहां की स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिला करवाने के लिए लोगों को गांव की गलियों में डोर टू डोर जाकर जागरूक किया गया, ताकि वह सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक अपने बच्चों को दाखिला दिलाएं और सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान विद्यार्थियों ने गांव की प्रत्येक गली से गुजरते हुए लोगों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान राजेश भूरा, कुलबीर, सुभाष दुल, राजबीर शर्मा,जरनैल सिंह सहित मौजूद रहे।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि



**कलायत।** पीएम श्री रावमावि में देवी परसन अन्य सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### देवी प्रसन्न शर्मा बने एसएमसी अध्यक्ष

**कलायत।** गांव कमालपुर के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सांझी सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान आगामी दो वर्षों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। प्रिंसिपल सुनील जिंदल की अगुआई में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से देवी प्रसन्न शर्मा को प्रधान और रणधीर शर्मा को उपप्रधान चुना। प्राचार्य सुनील जिंदल ने अभिभावकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कमालपुर का यह सरकारी विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है। पिछले दो वर्षों से दसवीं और बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे हैं, और मेरिट में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गत वर्ष जिला स्तर पर विद्यालय का परिणाम प्रथम रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मेरिट संख्या के आधार पर इसी प्रकार विद्यालय अव्वल रहेगा। जिंदल ने बताया कि सरकार और विभाग के अनुदान से पूर्व एसएमसी प्रधान महेंद्र शर्मा और सदस्यों के सहयोग से विद्यालय का सौंदर्यीकरण किया गया। पुस्तकालय में सैकड़ों नई किताबें जोड़ी गईं, सरस्वती माता की मूर्ति स्थापित की गई और पेंटिंग सहित कई विकास कार्य किए गए। उन्होंने नवगठित समिति को बधाई देते हुए विद्यालय की प्रगति के लिए पूर्ण सहयोग की अपील की।

### जून के अंत या जुलाई में शुरू हो सकता है रेलवे ओवरब्रिज


**नरवाना।** काम करते हुए श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

**नरवाना।** दबलैन समैण रोड पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जब इसके निर्माण कार्य कर रहे लोगों से इसके शुरू होने के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अभी इसके शुरू होने में लगभग 30 से 40 दिन का समय लग सकता है। रेलवे का मामला है रेलवे की बिजली की पावर लाइन इसके नीचे से गुजर रही है अतः जल्दबाजी में कोई काम नहीं किया जाएगाएसारा काम ध्यान पूर्वक करना पड़ता है जहां इतना समय लग गया कुछ समय ओर लग जायेगाए लेकिन जल्दी में कोई काम नहीं किया जाएगा। ओवरब्रिज के बनने के बाद लोगों को लाइन पार करने के लिए रेलवे फाटक के खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नरवाना से होकर काफी गाडियां गुजरतीं है जिससे रेलवे फाटक ज्यादा तर बंद रहता है और लोगों को काफी समय तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

# एचकेसीएल का उद्देश्य युवाओं को डिजिटली सशक्त बनाना

- अधिकारियों ने महात्मा गांधी शिक्षा व समाज विकास संगठन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) पंचकूला के क्षेत्रीय निदेशक जितेंद्र नेगी एवं मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव राहुल शर्मा ने महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और प्रशिक्षकों से कोर्स की गुणवत्ता व पाठ्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। नेगी ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की दो बहनों से बातचीत की, जो यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर राजकुमार भोला, मुकेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। जितेंद्र नेगी ने कहा की एचकेसीएल का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण केवल कोर्स तक सीमित नही होना चाहिए बल्कि यह आत्मनिर्भरता और रोजगार की दिशा में पहला कदम होना चाहिए। यह संगठन स्थानीय स्तर पर डिजिटल जागरूकता और व्यावसायिक कौशल में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।


**जींद।** निरीक्षण करते हुए अधिकारी।


**नरवाना।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखां में सांझी सभा एवं सीआरपी फेस्ट का आयोजन

**नरवाना।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखां में सांझी सभा हुई। शिक्षक प्रदीप जागलान ने बताया कि स्कूल परिसर में सामूहिक बैठक विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन तथा सीआरपी फेस्ट का आयोजन किया। सांझी सभा के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 और कक्षा 6 से 8 के लिए सीएमसी का चयन किया। अभिभावकों, अध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें बच्चों की शिक्षा सीखने के स्तर और उनके सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। प्राचार्य बलजीत गोयत ने अभिभावकों से संवाद करते हुए निपुण हरियाणा मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और सामूहिक सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान ने ग्रीष्म अवकाश पर अभिभावकों से विचार सांझा करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियां जारी रखनी है कोई भी विद्यार्थी अवकाश के दौरान तालाबों पर अकेला न जाएसीआरपी फेस्ट के दौरान छात्रों की रचनात्मक गतिविधियोंए प्रस्तुतियों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

# लोहचब की चौपाल में बनी लाइब्रेरी का एसडीएम ने किया उद्घाटन

- ग्रामीणों के सहयोग व पंचायत की सोच को सराहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

एसडीएम जगदीश चंद्र ने शुक्रवार को उपमंडल के गांव लोहचब में नव संचालित लाइब्रेरी का रिबन काटकर उदघाटन किया। यह लाइब्रेरी ग्राम पंचायत एवं विद्यार्थियों के सामूहिक सहयोग से गांव की सामान्य चौपाल में शुरू की गई है। उदघाटन अवसर पर मौजूद ग्रामीणों से रूबरू होते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र ने लाइब्रेरी के संचालन को ग्रामीणों का अनुकरणीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम पंचायत की तरक्की पसंद एवं शिक्षा प्रसार के प्रति बेहतर सोच को उजागर करते हैं। एसडीएम ने कहा कि अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि ग्राम पंचायत की अगुवाई में गांव के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक तौर पर लाइब्रेरी की स्थापना की गई है जो बहुत ही सराहनीय कदम है। इससे विद्यार्थियों में शिक्षा प्राप्ति के प्रति प्रबल इच्छा स्वतरू जाहिर होती है। पुस्तकालय की स्थापनाए पौधारोपण तथा नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता जैसे अभियान में अन्य पंचायतों को भी आगे आना चाहिए। सामाजिक सरोकार से जुड़े इन अभियानों से प्रत्येक गांव में युवा पीढ़ी शिक्षित और सभ्य बनेगी।


**नरवाना।** लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए।

### प्रगतिशील किसान नवदीप सिंह ने स्थापित किया कीर्तिमान

# 4.50 किलो का खरबूजा उगा बनाया नया रिकॉर्ड

- मिठास व गुणवत्ता के हिसाब से खास है यह खरबूजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

खेती को आधुनिक तकनीकों और कड़ी मेहनत से जोड़ते हुए गोबिंदपुरा निवासी नवदीप सिंह ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नवदीप सिंह ने अपने खेत में 4.50 किलो वजनी खरबूजा पैदा कर सबका ध्यान आकर्षित किया है। यह खरबूजा न केवल आकार में विशाल है, बल्कि मिठास और गुणवत्ता के लिहाज से भी बेहतरीन माना जा रहा है। नवदीप सिंह लंबे समय से खेतीबाड़ी कर रहे हैं और हर वर्ष लगभग 8 से 10 एकड़ में खरबूजे की खेती करते हैं।


**सीवन।** अपने खेत में पैदा किया 4.50 किलो वजनी खरबूजा दिखाते नवदीप सिंह।

#### गोल्डन ग्लोरी किस्म का है यह खास खरबूजा

आलू, मटर, खीरा तथा अन्य सब्जियों की खेती में भी सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने अपने खेत में गोल्डन ग्लोरी नामक खरबूजे की किस्म लगाई, जो आकार में बड़ा और स्वाद में बेहतर होता है। नवदीप के अनुसार, इस बार उन्होंने विशेष देखभाल और वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया, जिससे उनके खेत से 4.50 किलो का बड़ा खरबूजा प्राप्त हुआ।

#### बिजली की समस्या बड़ी बाधा

नवदीप सिंह ने अपनी खेती से जुड़ी एक गंभीर समस्या की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि सब्जी उत्पादक क्षेत्रों में सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था अत्यंत खराब है। रात के समय बिजली मिलती है, जिससे रात-रात भर जागकर खेतों में पानी लगाना पड़ता है। कई बार अचानक बिजली कट जाती है, जिससे फसलों को नुकसान होता है। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार और बिजली विभाग को किसानों की सुविधा के लिए बिजली सुबह या दिन के समय उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि सिंचाई कार्य आसानी से हो सके।

#### खरबूजे की खेती करने में आने वाली चुनौतियां व उस पर होने वाला खर्च

नवदीप सिंह ने बताया कि खरबूजे की खेती सस्ती नहीं होती। बीज काफी महंगे आते हैं और मल्चिंग जैसी तकनीकों पर प्रति एकड़ 15,000 रुपये से अधिक का खर्च आता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों की सहायता के लिए बीज और मल्चिंग सामग्री पर सब्सिडी प्रदान की जाए ताकि आम किसान भी इस तरह की उन्नत खेती कर सकें।